# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** "मिशन शक्ति अभियान-5" के तहत आज दिनांक 25.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्री जयकरन सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद चित्रकूट के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामों में भ्रमण किया गया। महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के अलावा जागरुकता हेतु चलाए जा रहे अभियानों के बारे में सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतों को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 25.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** श्रीमान पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 के निर्देशन में चलाये जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत माननीय न्यायालय में लम्बित चल रहे वादों में गहन पैरवी कर अपराधियों को अधिक से अधिक सजा कराने हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह एवं पैरोकार आरक्षी धनेश मिश्रा तथा प्रभारी मॉनिटिरिंग सेल की टीम द्वारा की गयी गहन पैरवी एवं विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो चित्रकूट श्री तेजप्रताप सिंह द्वारा की गयी प्रभावी प्रस्तुति एवं प्रभावी बहस के

फलस्वरूप माननीय न्यायालय विशेष न्यायधीश पॉक्सो/अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेनु मिश्रा द्वारा आज दिनाँक 25.06.025 को पुलिस मुख्यालय से पैरवी हेतु चिन्हित एवं द्वारा थाना मऊ में पंजीकृत मु0अ0सं0 125/19 धारा 506 भादवि0 व 08 पॉक्सो एक्ट के आरोपी अभियुक्त पंचू पुत्र भजना निवासी कस्बा व थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 05 वर्ष के कठोर कारावास और 07 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दंडित किया गया।
घटना का विवरणः- दिनांक 21.07.019 को एक वादी द्वारा थाना मऊ पर सूचना दी कि अभियुक्त पंचू उपरोक्त द्वारा उसकी पुत्री के साथ सोते समय छेड़खानी कर किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इस सूचना पर थाना मऊ में मु0अ0सं0 125/019 धारा 354,506 भादवि0 व 8 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना तत्कालीन उ0नि0 श्री गुलाब चन्द्र मौर्या द्वारा सम्पादित की गयी। दिनाँक 23.07.019 में गिरफ्तारी कर दिनाँक 30.08.019 को आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में चौकी प्रभारी परिक्रमा मार्ग श्री रमेश यादव व आरक्षी अंकित निषाद एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षी सोनपाल, महिला आरक्षी दीपाकुमारी द्वारा परिक्रमा मार्ग में परिवार से बिछड़े लोगो को सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि दिनांक परिक्रमा कर रहे परिजनों के साथ आयें लोगो में (1).एक बालक जिसका नाम आयुष उम्र 08 वर्ष अपने माता पिता से परिक्रमा मार्ग में बिछड गया जिसे चौकी परिक्रमा पुलिस टीम एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षियों द्वारा उनके परिजनों को परिक्रमा पथ में खोज कर उनके पिता कुलदीप निवासी जसपुरा थाना जसपुरा जनपद बांदा को सुपुर्द किया गया। (2). एक बालक जिसका नाम अंश पुत्र दीपक उम्र 07 वर्ष अपने माता पिता से परिक्रमा मार्ग में बिछड गया जिसे चौकी परिक्रमा पुलिस टीम एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षियों द्वारा उनके परिजनों को परिक्रमा पथ में खोज कर उनके पिता दीपक निवासी देवनगर थाना लवकुश नगर जनपद छतरपुर म0प्र0 को सुपुर्द किया गया। (3). एक बालिका जिसका नाम आशी पुत्री मदनलाल उम्र 03 वर्ष अपने माता पिता से परिक्रमा मार्ग में बिछड गयी जिसे चौकी परिक्रमा पुलिस टीम एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षियों द्वारा उनके परिजनों को परिक्रमा पथ में खोज कर उनके पिता मदनलाल निवासी कैमहा थाना श्रीनगर जनपद महोबा को सुपुर्द किया गया।
(4). एक वृद्ध माता जी जिनका नाम रति पत्नी गोपाल उम्र लगभग 65 वर्ष अपने पुत्र व परिजनों के साथ चित्रकूट आयी थी जो अपने पुत्र से परिक्रमा मार्ग में बिछड गयी जिन्हे चौकी परिक्रमा पुलिस टीम एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षियों द्वारा उनके पुत्र व परिजनों को परिक्रमा पथ में खोज कर उनके पुत्र मोहन निवासी ग्वालिया म0प्र0 को सुपुर्द किया गया। (5). एक बालक जिसका नाम पवन पुत्र सुजान उम्र 10 वर्ष अपने माता पिता से परिक्रमा मार्ग में बिछड गया जिसे चौकी परिक्रमा पुलिस टीम एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षियों द्वारा उनके परिजनों को परिक्रमा पथ में खोज कर उनके पिता सुजान पुत्र जग्गू निवासी पोखरा थाना बृजपुर जनपद पन्ना म0प्र को सुपुर्द किया गया।6. एक बालक जिसका नाम नीरज पुत्र मुलायम उम्र 8 वर्ष अपने माता पिता से परिक्रमा मार्ग में बिछड गया जिसे चौकी परिक्रमा पुलिस टीम एवं खोया पाया केन्द्र में ड्यूटीरत आरक्षियों द्वारा उनके परिजनों को परिक्रमा पथ में खोज कर उसको माता पुष्पा व पिता मुलायम निवासी ग्राम आऊ थाना अतर्रा जनपद बादां सुपुर्द किया गया।
बिछड़ो को पाकर उनके परिजनों द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

**(5).** आज दिनांक 25.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में आषाढ़ मास अमावस्या मेला को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु रामघाट,निर्मोही अखाड़ा मेला क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के आस पास भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

**(6).** दिनाँक 25.06.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में सीतापुर मेला क्षेत्र में आषाढ़ मास अमावस्या मेला के अवसर पर दर्शन करने के लिये आये हुये श्रद्धालुओं को फल(आम) वितरित किए गये।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अरविन्द्र कुमार वर्मा,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,थानाध्यक्ष राजापुर श्री प्रवीण सिंह, पीआरओ श्री प्रदीप पाल,उ0नि0 श्री श्यामदेव सिंह उपस्थित रहे।

**(7).** आज दिनाँक 25.06.2025 को पुलिस उप महानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा श्री राजेश एस0 द्वारा पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यपाल सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर ड्यूटी में लगे पुलिस कर्मियों को चेक कर  सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने एवं श्रद्धालुओं से विनम्रतापूर्वक व्यवहार करने हेतु बताया गया। तत्पश्चात महोदय द्वारा रामघाट क्षेत्र सीतापुर में नौका से भ्रमण कर घाटों पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही घाटों पर लगाए गए गोताखोरों एवं पुलिस कर्मियों को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने को बताया गया।
इस दौरान क्षेत्राधिकारी कार्यालय श्री अरविन्द्र वर्मा,क्षेत्राधिकारी नगर श्री राज कमल, पीआरओ श्री प्रदीप पाल सहित अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे।